पीवी सिंधू ने परिवार में तनाव की खबरों को नकारा, जीएसएसआई में ट्रेनिंग में व्यस्त है सिंधू

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने मंगलवार को कहा कि वह अपने परिवार और कोचों की सहमति से लंदन में हैं और इस तरह उन्होंने इनमें से किसी के भी साथ मतभेद की खबरों को खारिज किया। सिंधू के पिता ने हालांकि हैदराबाद में राष्ट्रीय शिविर से उनके खुश नहीं होने के बारे में कहा। ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू पिछले 10 दिन से लंदन में हैं और सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर गेटोरेड खेल विज्ञान संस्थान (जीएसएसआई) की खेल पोषण विशेषज्ञ रेबेका रेंडेल के साथ तस्वीर पोस्ट की। सिंधू जीएसएसआई में ही ट्रेनिंग कर रही हैं।

एक खबर में दावा किया गया है कि सिंधू ने परिवार में तनाव के कारण देश छोड़ा है, लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने इन अटकलों को खारिज किया। सिंधू ने मंगलवार को ट्विटर पर डाले बयान में कहा, मैं कुछ दिन पहले लंदन आई जिससे कि अपने जीएसएसआई के साथ अपने पोषण और उबरने से जुड़ी चीजों पर काम कर सकूं। मैं अपने माता-पिता की सहमति से यहां आई हूं और इस संदर्भ में परिवार में कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे अपने माता-पिता से कोई समस्या क्यों होगी जिन्होंने मेरे लिए अपने जीवन में बलिदान दिए। मेरा परिवार एक-दूसरे के काफी करीब है और वे हमेशा मेरा समर्थन करते हैं। मैं अपने परिवार के सदस्यों के रोजाना संपर्क में हूं।

इससे पहले सिंधू के पिता पीवी रमना ने कहा था कि उनकी बेटी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के कैलेंडर के अगले साल होने वाले एशियाई चरण की तैयारी के लिए लंदन में है क्योंकि हैदराबाद में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में वह उचित अभ्यास नहीं कर पा रही थी। कोविड-19 महामारी के कारण बीडब्ल्यूएफ को विश्व टूर फाइनल्स (27-31 जनवरी) और दो एशिया ओपन (2-17 जनवरी और 19-24 जनवरी) को अगले साल जनवरी में बैंकॉक स्थानांतरित कराने को बाध्य होना पड़ा।

रमना ने कहा कि यह स्टार खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में अपनी ट्रेनिंग से खुश नहीं थी। उन्होंने कहा, यहां वह उचित अभ्यास नहीं कर पा रही थी। एशियाई खेल 2018 के बाद गोपी (मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद) ने उसकी ट्रेनिंग में रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने उसके साथ ट्रेनिंग के लिए उपयुक्त अभ्यास जोड़ीदार मुहैया नहीं कराया। रमना ने दावा किया, वह स्तरीय अभ्यास नहीं कर पा रही थी और अपने साथ हो रहे व्यवहार से तंग आ चुकी थी। संपर्क करने पर गोपीचंद ने पुष्टि की कि सिंधू ने लंदन जाने के बारे में उन्हें सूचित किया था, लेकिन उन्होंने रमना की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। गोपीचंद ने कहा, हमारे पास यही सूचना है कि वह गेटोरेड ट्रेनिंग अकादमी गई है। वहां उनका ट्रेनिंग संस्थान है। मुझे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, उसके पिता क्या कह रहे हैं इस पर मैं प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता, अगर सिंधु कुछ कहती है, तो मैं प्रतिक्रिया दूंगा। सिंधू ने हालांकि कहा कि कहा कि उनके और पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन गोपीचंद के बीच कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, साथ ही मुझे अपने कोच गोपीचंद या अकादमी में ट्रेनिंग सुविधाओं से खुश हूं, जहां भी टीम को मुझ से बल्लेबाजी की जरूरत है।

जल्द खेला जाएगा भारत और इंग्लैंड के बीच पिंक बॉल टेस्ट मैचः सौरव गांगुली

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। बीसीसीआई प्रेसिडेंट सौरव गांगुली ने अगले साल इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले घरेलू सीरीज को लेकर बड़ा ऐलान किया है। गांगुली ने बताया है कि अगले साल जनवरी से लेकर मार्च के बीच इंग्लैंड की टीम भारत का दौरा कर सकती है और बीसीसीआई की यह कोशिश है कि इस सीरीज को भारत में ही करवाया जाए। इंग्लैंड की टीम इस दौरे पर एक पिंक बॉल डे-नाइट टेस्ट मैच भी खेलने वाली है, जिसकी जानकारी सौरव गांगुली ने दी है। इंग्लैंड की टीम को इस साल ही भारत का दौरा करना था, लेकिन कोरोना वायरल के चलते इस टूर को स्थगित करना पड़ा था।

इंग्लैंड टीम साल 2021 में जनवरी से मार्च के बीच में भारत का दौरा करेगी और इस दौरे पर टीम को 5 टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज और सीमित ओवर की सीरीज खेलने की उम्मीद है। बीसीसीआई प्रेसिडेंट सौरव गांगुली ने कोलकाता प्रेस क्लब में एक किताब को लॉन्च करते वक्त कहा, अहमदाबाद डे-नाइट टेस्ट मैच को होस्ट करेगा। आपको बता दें कि अहमदाबाद में मौजूद मोटेरा स्टेडियम विश्व का सबसे बड़ा स्टेडियम है।

अबतक मिल रही जानकारी के अनुसार, टेस्ट सीरीज के मैचों को अहमदाबाद, धर्मशाला और कोलकाता में कराए जाने की तैयारी है। सीरीज के मैदानों के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने कहा, हमने इस बात को लेकर प्लान किया है, लेकिन अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका है। हमारे पास अभी चार महीने का वक्त मौजूद है। गांगुली ने कहा कि इस वक्त हमारा पूरा ध्यान ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है, जिसको लेकर जल्द ही टीम का ऐलान होना है। कुछ दिनों पहले हुई बीसीसीआई की वर्चुअल मीटिंग में भारत के घरेलू क्रिकेट को 1 जनवरी 2021 से शुरू करने की घोषणा की गई थी।

सलमान खान परिवार ने श्रीलंका प्रीमियर लीग में कैंडी फ्रैंचाइजी खरीदी

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। सलमान खान के छोटे भाई सोहेल और पिता सलीम खान, जो जाने-माने स्क्रिप्ट राइटर हैं, इसका हिस्सा हैं। सोहेल खान इंटरनैशनल एलएलपी- नेइस फ्रैंचाइजी में निवेश किया है। खान परिवार की ओर से मंगलवार को इस बात की पुष्टि की गई है। उनकी ओर से कहा गया है, इस लीग में काफी संभावनाएं हैं। सोहेल ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, जो खिलाड़ी हमारी टीम या पूरी लीग में खेल रहे हैं, फैंस का जो जुनून है, उसका कोई मुकाबला नहीं। हमें इसमें काफी संभावनाएं नजर आईं। सोहेल इस बात को लेकर काफी उत्साहित हैं कि यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल उनकी टीम का हिस्सा हैं। एसएलपीएल प्लेयर्स का ड्राफ्ट पिछले 48 घंटों में तैयार हुआ। हालांकि खिलाड़ियों की उपलब्धता और नियमों को लेकर चल रहीं तमाम दुविधाओं के बीच सोहेल खान अपनी टीम को लेकर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, गेल बेशक बॉस है, लेकिन हमारे पास एक बहुत अच्छी टीम है। कुसेल परेरा हमारे आइकॉन खिलाड़ी हैं और इसके अलावा हमारी टीम में लियाम प्लंकट, वहाब रियाज, तुआन प्रदीप और कुसल मेंडिस व अन्य खिलाड़ी हैं। गॉल फ्रैंचाइजी का मालिकाना हक उसी कंपनी के पास है जो पाकिस्तान सुपर लीग में क्वेटा ग्लेडिएटर को चलाती है।

न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट को केकेआर ने किया टीम में शामिल

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने चोट के चलते बाहर हुए तेज गेंदबाज अली खान की रिप्लेसमेंट के तौर पर न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट को टीम में शामिल किया है। केकेआर की टीम ने इस बात की जानकारी अपने ट्विटर हैंडल पर दी है। इससे पहले, अमेरिका की तरह से आईपीएल में चुने गए पहले खिलाड़ी अली खान चोटिल होने के चलते इस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। टिम सीफर्ट की गिनती टी20 के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में की जाती है और वेस्टइंडीज में खेली गई सीपीएल टी20 लीग में भी वो इस साल खेलते नजर आए थे। टिम सीफर्ट के नाम न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 लीग में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है, वो महज 40 गेंदों में सेंचुरी बना चुके हैं। सीफर्ट ने न्यूजीलैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में भी कुछ बेहद ताबड़तोड़ पारियां खेली हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के लिए अबतक खेले 24 टी20 मैचों में 139.75 के शानदार स्ट्राइक रेट से 457 रन बनाए हैं। इस साल वेस्टइंडीज में खेली गई सीपीएल टी20 लीग में उन्होंने 9 पारियों में 109.91 के स्ट्राइक रेट से 133 रन रन जड़े थे। गौरतलब है कि हैरी गर्नी के आईपीएल 2020 से बाहर होने के बाद अमेरिका की तरह से क्रिकेट खेलने वाले अली खान को केकेआर ने टीम में शामिल किया था, लेकिन अली खान मांसपेशियों में खिंचाव के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। अली खान ने सीपीएल में इस साल काफी अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्होंने इस टी20 लीग में कुल 8 विकेट निकाले थे और काफी किफायती रहे थे।

मैक्सवेल की वजह से टीम में रहता है बैलेंसः पंजाब कप्तान राहुल

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। आईपीएल 2020 के 38वें मैच में किंग्स इलेवन पंजाब ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही पंजाब की टीम ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। पंजाब की इस जीत के हीरो रहे टीम के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन, जिन्होंने महज 28 गेंदों में 53 रनों की आतिशी पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली के खिलाफ मिली जीत से कप्तान केएल राहुल काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने खराब फॉर्म से जूझ रहे ग्लेन मैक्सवेल का बचाव किया। दिल्ली के खिलाफ मिली जीत के बाद केएल राहुल ने कहा, खासतौर पर जब आप 6 बल्लेबाजों और एक ऑल-राउंडर के साथ खेल रहे होते हैं, तो ऐसे समय में ऊपर के चार बल्लेबाजों में से किसी एक का चलना काफी जरूरी होता है, यह वो चीज है, जिस पर हमको ध्यान देना होगा। शमी पिछले मैच के बाद इस मुकाबले में काफी कॉन्फिडेंस के साथ आए थे। अर्शदीप ने 2 ओवर पावरप्ले में किए और एक ओवर डेथ में डाला और उन्होंने 6 सटीक यॉर्कर फेंकी। मैक्सवेल का बचाव करते हुए केएल राहुल ने कहा, ग्लेन नेट्स में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, वो एक शानदार टीम मैन हैं और हम जानते हैं कि उनकी वजह से टीम कितना बैलेंस रहती है। पिछले कुछ मैचों से यह बात रही थी कि हमको टेबल पर बैठी दो टॉप टीमों को हराना होगा। मैं पिछले मैच के बाद ठीक से सो नहीं सका था। हम मैच को पहले ही खत्म करना था, उसको हमें सुपर ओवर में नहीं जाने देना चाहते थे।

गेम हमको ध्यान दिलाता है कि विनम्र रहें। हम इस लय को आगे के मैचों में भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे और एक समय में एक ही मैच पर फोकस करेंगे। दुबई में खेले इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और शिखर धवन (नॉटआउट 106) रनों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट से नुकसान पर 164 रन बनाए थे। इसके जवाब में पंजाब की टीम ने एक ओवर शेष रहते हुए ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। पंजाब की तरफ से निकोलस पूरन (53) और ग्लेन मैक्सवेल (32) ने टीम के लिए बढ़िया पारी खेली। इस जीत के साथ केएल राहुल की कप्तानी में खेल रही टीम के 10 मैचों में 8 प्वॉइंट्स हो गए हैं और टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बाकी मैचों में भी जीत की दरकार होगी।

बटलर शीर्ष पर अविश्वसनीय खिलाड़ी है, उनमें डिविलियर्स, पोलार्ड जैसी क्षमता हैं: स्टीव स्मिथ

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के लिए टीम की जरूरत के मुताबिक उन्हें मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं है। बटलर टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा रहे थे, लेकिन हाल के मैचों में उन्होंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी की। सोमवार (19 अक्टूबर) को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। जीत के लिए 126 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 48 गेंद में 70 रन बनाने के साथ कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 26) के साथ चौथे विकेट के लिए 98 रन की अटूट साझेदारी की। राजस्थान रॉयल्स के ट्विटर पर साझा किए गए वीडियो में उन्होंने कहा, यह अलग है। (पारी शुरू करने से)। पारी के बीच में हमें सलामी बल्लेबाज की तुलना में बहुत अधिक प्रतिक्रियाशील होना होता है। मैं दोनों भूमिकाएं निभाने में खुश हूं, जहां भी टीम को मुझ से बल्लेबाजी की जरूरत है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, हमें साझेदारी की जरूरत थी, जरूरी रनरेट कोई बड़ा मुद्दा नहीं था। हमने शुरुआत में कुछ विकेट गंवा दिए, लेकिन हम बड़े लक्ष्य का पीछा नहीं कर रहे थे। चेन्नई की लय को तोड़ने के लिए हमें सिर्फ एक साझेदारी की जरूरत थी। वहीं, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने जोस बटलर की तुलना एबी डिविलियर्स और कीरोन पोलार्ड जैसे दिग्गजों से करते हुए कहा कि फिनिशर के रूप में मैच जिताने में इंग्लैंड का यह आक्रामक बल्लेबाज किसी से कम नहीं है। स्मिथ ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह (बटलर) किसी से कम नहीं है। हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारे साथ है।

उसकी बल्लेबाजी में इतनी अधिक विविधता है। बटलर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं, लेकिन स्मिथ ने सुपरकिंग्स के खिलाफ उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि टीम के संतुलन के लिए यह जरूरी था। स्मिथ ने कहा, जोस शीर्ष पर अविश्वसनीय खिलाड़ी है। उसमें वे चीजें करने की क्षमता है जो डिविलियर्स, पोलार्ड और (हार्दिक) पंड्या कर सकते हैं। ये खिलाड़ी अंतिम ओवरों में आपको मैच जिता सकते हैं।

कप्तान धोनी ने टीम की असफलता के लिए दिया बड़ा बयान कहा-युवाओं में नहीं दिखा जरूरी जोश

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि आईपीएल के आगामी मैचों में उनकी टीम बदलाव करते हुए युवाओं को आजमाएगी लेकिन किसी भारतीय खिलाड़ी में अभी जरूरी जोश और चमक नहीं दिखा है। सुपरकिंग्स की टीम 10 मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ अंक तालिका में आखिरी स्थान पर चल रही है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। टीम अपने अगले मुकाबले में 23 अक्टूबर को गत चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।

तीन बार के चैंपियन सुपरकिंग्स के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन ने टीम के रवैये पर सवालिया निशान लगाए हैं और धोनी ने इसका बचाव करते हुए कहा कि अब तक किसी युवा खिलाड़ी ने ऐसा कुछ नहीं किया है कि बदलाव के लिए बाध्य होना पड़े। राजस्थान के खिलाफ सात विकेट की हार के बाद जब कोच स्टीफन फ्लेमिंग से पूछा गया कि समान टीम को खिलाने की टीम की नीति में बदलाव होगा तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उचित है कि हम इसे बदल रहे हैं।' 'आप बार-बार बदलाव नहीं करना चाहते। आप नहीं चाहते कि ड्रेसिंग रूम में असुरक्षा की भावना हावी हो। युवा खिलाड़ियों में हमने वह चमक नहीं देखी कि बदलाव के लिए बाध्य होना पड़े। लेकिन बाकी टूर्नामेंट में युवाओं को मौका देंगे, वे बिना दबाव के खेल पाएंगे।' -एम एस धोनी, कप्तान चेन्नईभारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व मुख्य चयनकर्ता किरण श्रीकांत ने केदार जाधव के चयन पर चेन्नई के कप्तान धोनी की आलोचना करते हुए पूछा कि उन्हें इस खिलाड़ी में कौन सा 'प्रभाव' नजर आया।

श्रीकांत ने कहा, ' आप प्रक्रिया, प्रक्रिया के बारे में बात करते रहते हैं लेकिन आपकी चयन की प्रक्रियाश ही गलत है। धोनी क्या कहना चाहते हैं? वह कह रहे हैं कि जगदीशन (विकेटकीपर-बल्लेबाज) प्रभावित नहीं कर सके, लेकिन क्या 'स्कूटर' जाधव के पास वह प्रभाव है? यह मजाकीय लग रहा है। मैं इस जवाब को स्वीकार नहीं करूंगा। इस प्रक्रिया की बात तब हो रही है जब चेन्नई के लिए टूर्नामेंट (प्लेऑफ में पहुंचने का मौका) ही खत्म हो गया है।' जगदीशन ने टूर्नामेंट में सिर्फ एक मैच खेला है।

जिम्बाब्वे कोच लालचंद राजपूत नहीं हुए टीम के साथ पाकिस्तान रवाना, राजपूत की गैरमौजूदगी में डगलस होंडो को सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बताया कि हरारे स्थित भारतीय दूतावास से सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए कोच लालचंद राजपूत को पाकिस्तान दौरे से छूट देने की मांग करने के बाद उन्होंने टीम के साथ यात्रा नहीं की। जिम्बाब्वे क्रिकेट की ओर से जारी बयान में कहा गया कि भारतीय दूतावास के निवेदन पर राजपूत इस दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। राजपूत की गैरमौजूदगी में गेंदबाजी कोच डगलस होंडो इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। जेडसी. ने ट्वीट किया, हरारे स्थित भारतीय दूतावास से राजपूत को पाकिस्तान दौरे से छूट देने की मांग के बाद वह इस दौरे पर नहीं जाएंगे। हरारे स्थित पाकिस्तान दूतावास ने उन्हें वीजा जारी कर दिया था। ईएसपीएक्रिकइंफो के मुताबिक राजपूत के लिए छूट की मांग (भारतीय) सरकार के अपने नागरिकों के लिए यात्रा दिशानिर्देश के तहत की गई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रवक्ता ने इसे जिम्बाब्वे क्रिकेट का आंतरिक मामला करार दिया, उन्होंने कहा, जिम्बाब्वे क्रिकेट अधिकारियों को हरारे में पाकिस्तान उच्चायोग से लालचंद राजपूत के लिए वीजा मिल गया था। वह अगर दौरे पर नहीं आये हैं तो यह जेडसी. और राजपूत के बीच का अंदरूनी मामला है। पीसीबी के एक शीर्ष सूत्र ने हालांकि कहा कि भारत सरकार के निर्देशों ने राजपूत को पाकिस्तान का दौरा करने की अनुमति नहीं दी, जिससे बोर्ड में कुछ चिंता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के कारण भारत और पाकिस्तान का कोई द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध नहीं है।

मोर्गन और होल्डर के हिसाब से बायो-बबल में ज्यादा वक्त बिताना हो सकता है खतरनाक

नई दिल्ली 21 अक्टूबर (ए)। इंग्लैंड की लिमिटेड ओवर क्रिकेट टीम के कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान इयोन मोर्गन ने मौजूदा समय में बायो बबल को लेकर अपनी बात रखी है। मोर्गन के अलावा कैरेबियाई खिलाड़ी जेसन होल्डर ने भी बायो बबल को लेकर अपना पक्ष रखा है। इन दोनों का मानना है कि इससे खिलाड़ियों को दिमागी तौर पर बहुत थकान हो सकती है। कोविड-19 महामारी के चलते क्रिकेट अब बायो सिक्योर एन्वॉयरमेंट में खेला जा रहा है और खिलाड़ियों को बायो बबल में रहना पड़ रहा है। मोर्गन और होल्डर पिछले कुछ महीनों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के बायो सिक्योर एन्वॉयरमेंट का हिस्सा रहे हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने मोर्गन के हवाले से कहा, हम गर्मियों में अपने इंटरनैशनल शेड्यूल को पूरी तरह कराने में सफल रहे। यह टीमों के लिए अविश्वसनीय उपलब्धि है और ईसीबी ने शानदार प्रतिबद्धता दिखाई। हम बेहद भाग्यशाली हैं कि हमें दोबारा खेलने का मौका मिला। मोर्गन ने हालांकि कहा कि खिलाड़ी काफी लंबा समय बायो बबल में बिताने के बारे में नहीं सोचते हैं। मोर्गन ने कहा, लेकिन इस बायो बबल को 12 महीने या 12 में से 10 महीने जब हम टूरेंस करते हैं तब तक बनाए रखना नैचुरल नहीं है। आप खिलाड़ी को मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से थका रहे हैं और यह बेहद थकान भरा हो सकता है जो कोई नहीं देखना चाहता। इंग्लैंड में वेस्टइंडीज की अगुवाई करने वाले होल्डर भी मोर्गन से सहमत दिखे। होल्डर ने कहा, यहकाफी चुनौतीपूर्ण है। मैं भाग्यशाली हूंकि अब भी काम कर रहा हूं।

दुनिया में काफी लोग हैं जो कोविड महामारी के कारण काम नहीं कर पा रहे हैं। हमें अब भी लोगों का मनोरंजन करने और ऐसा करने का मौका मिल रहा है जो हमें पसंद है।